 Roll No. …………………..

# DPHCN–02

## Therapeutic Nutrition

(उपचारात्मक पोषण)

Diploma in Public Health and Community Nutrition (DPHCN-10/16/17)

First Semester, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 40**

नोट : यह प्रश्न पत्र चालीस (40) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख', तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों का चयन करना है।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए साढ़े नौ ($9\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. गर्भावस्था में होने वाले परिवर्तन के विषय में लिखिए। गर्भावस्था में पोषक तत्वों की आवश्यकताओं पर चर्चा कीजिए। एक गर्भवती स्त्री के लिए एक दिन की आहार तालिका बनाइए।

2. हृदय सम्बन्धी रोगों के कारकों का वर्णन कीजिए। हृदय रोग में आहारीय उपचार के विषय में लिखिए। हृदय रोग में वर्जित खाद्य पदार्थों की सूची बनाइए।
3. किन्हीं तीन पाचन सम्बन्धी रोगों के कारण, प्रकार तथा आहारीय प्रबन्धन के विषय में लिखिए।
4. मोटापे के कारक तथा प्रकार का वर्णन कीजिए। अल्पभार तथा मोटापे में आहारीय प्रबन्धन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार (04) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. पोषक तत्वों की प्रस्तावित दैनिक मात्रा (RDA) को परिभाषित कीजिए। प्रस्तावित दैनिक मात्रा को प्रभावित करने वाले कारकों को समझाइये।
2. गुर्दे के कार्य लिखिए।
3. पेप्टिक अल्सर के कारक तथा उसके आहारीय प्रबन्धन के विषय में लिखिए।
4. मधुमेह के कारक तथा मधुमेह के आहारीय प्रबन्धन के विषय में लिखिए।
5. वृद्धावस्था की पोषण सम्बन्धी आवश्यकताओं तथा समस्याओं का वर्णन कीजिए।
6. ज्वर में होने वाले चयापचयी परिवर्तनों को समझाइए।

7. आहार नियोजन में खाद्य विनिमय सूची की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

8. अतिसार के कारक तथा आहारीय उपचार पर चर्चा कीजिए।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा ($\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सत्य/असत्य बताइये :

1. किशोर तथा किशोरियों में सभी पोषक तत्वों की समान आवश्यकता होती है। (सत्य/असत्य)
2. मधुमेह रोग थाइरोक्सिन नामक हारर्मोन की निष्क्रियता के कारण होता है। (सत्य/असत्य)
3. शरीर द्रव्य सूचकांक मोटापे तथा दुबलेपन को दर्शाता है। (सत्य/असत्य)
4. प्रोटीन की दैनिक आवश्यकता शरीर के भार पर निर्भर करती हैं। (सत्य/असत्य)
5. नेफराइटिस गुर्दे सम्बन्धी रोग है। (सत्य/असत्य)

सही उत्तर चुनिये :

6. निम्न रोग में रेशायुक्त आहार वर्जित है :

   (अ) मधुमेह

   (ब) अतिसार

   (स) कब्ज

   (द) हृदय रोग

7. दूध व दूध से बने पदार्थ निम्न पोषक तत्वों के अच्छे स्रोत हैं :
   (अ) कैल्शियम
   (ब) प्रोटीन
   (स) विटामिन
   (द) उपर्युक्त सभी

8. टायफाइड रोग में निम्न वर्जित होता है :
   (अ) दूध
   (ब) अंडा
   (स) फलों का रस
   (द) मिर्च-मसाले युक्त भोजन

9. अल्सरेटिव कोलाइटिस में शरीर का निम्न अंग प्रभावित होता है :
   (अ) मुँह
   (ब) आहार नली
   (स) आमाशय
   (द) बड़ी आँत

10. फल तथा सब्जियाँ निम्न के अच्छे स्रोत है :
   (अ) वसा
   (ब) प्रोटीन
   (स) विटामिन तथा खनिज
   (द) उपर्युक्त सभी